आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 20.01.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने नितिन नबीन। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दी बधाई। भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बताया।
- समान नागरिक संहिता के तहत बीते एक साल में विभिन्न सेवाओं के लिए पांच लाख से अधिक आवेदन। एक भी मामले में नहीं हुआ निजता का उल्लंघन।
- जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ में वीरगति को प्राप्त, बागेश्वर जिले के हवलदार गजेंद्र सिंह गढ़िया को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।
- खेल मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून में आयोजित संसदीय क्षेत्र स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

**भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष**

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में संगठन पर्व के अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय रिटर्निंग अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण ने उनके नाम की घोषणा की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री नबीन को बधाई देते हुए भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बताया। उन्होंने कहा कि श्री नबीन पार्टी की विरासत को आगे बढ़ाएंगे। प्रधानमंत्री ने बताया कि संगठन की सबसे छोटी इकाई से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव तक पूरी प्रक्रिया लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न हुई है। नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने इस पद पर पहुंचने का अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष के रूप में चुने जाने के लिए अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं को भी धन्यवाद दिया।

वहीं, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्री नबीन से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

**यूसीसी**

उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता– यूसीसी के तहत बीते एक साल में विभिन्न सेवाओं के लिए पांच लाख से अधिक आवेदन हुए हैं, लेकिन एक भी मामले में निजता उल्लंघन की शिकायत नहीं आई है। इस तरह यूसीसी, नागरिकों की निजी जानकारियां सुरक्षित रखने के अपने संकल्प पर शत–प्रतिशत खरा उतरा है। यूसीसी के तहत ऑनलाइन आवेदन में पूरी प्रक्रिया फेसलैस होने से भी किसी की भी पहचान सार्वजनिक होने का खतरा नहीं है। लगभग शत प्रतिशत आवेदन यूसीसी पोर्टल के जरिए हो रहे हैं। इसमें आवेदक घर बैठे ही किसी भी सेवा के लिए आवेदन कर सकता है। इस तरह उन्हें किसी भी सरकारी कार्यालय या अधिकारी के सामने उपस्थित होने की जरूरत नहीं है। इसके साथ ही पोर्टल में नागरिकों की निजी जानकारी

को सुरक्षित और गोपनीय रखने के लिए मजबूत सुरक्षा प्रावधान किए गए हैं। आवेदन के साथ प्रस्तुत की गई निजी जानकारी तक केवल आवेदक की ही पहुंच है, जो जरूरी सत्यापन प्रक्रिया के जरिए इसे देख सकता है। यही कारण है कि बीते एक साल में निजता उल्लंघन की एक भी शिकायत नहीं आई है। जबकि अब लोग विवाह पंजीकरण के साथ ही विवाह विच्छेद, वसीयत पंजीकरण, लिव इन पंजीकरण से लेकर लिव इन रिश्ते समाप्त करने तक के लिए यूसीसी प्रावधानों का प्रयोग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि समान नागरिक संहिता, नागरिकों की निजता का शत–प्रतिशत पालन करने में सफल रही है। साथ ही पूरे प्रदेश में जितनी सरलता से इस प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है, वो अपने आप में गुड गर्वनेंस का उदाहरण है।

**<u>ई–गवर्नेंस</u>**

प्रदेश सरकार ने शासन–प्रशासन की कार्य प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सरल और जनहित केंद्रित बनाने के लिए ई–गवर्नेंस को सशक्त आधार के रूप में विकसित किया है। इससे न केवल जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो रहा है, बल्कि सरकारी कार्यों में पारदर्शिता भी बढ़ रही है। राजधानी देहरादून सहित प्रदेशभर में शुरू किए गए ऑनलाइन सेवाओं और जनहित पोर्टलों के माध्यम से अब नागरिक घर बैठे आवेदन, शिकायतें और सुझाव दर्ज करा रहे हैं। देहरादून के मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने बताया कि प्रशासन डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।

ई–गवर्नेंस के तहत विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं से जहां लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं, वहीं इससे भ्रष्टाचार पर भी रोक लगी है।

**<u>भाहीद अंतिम संस्कार</u>**

जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ में आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त, बागेश्वर जिले के हवलदार गजेंद्र सिंह गढ़िया को आज पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। कपकोट तहसील के बीथी गांव निवासी शहीद गजेंद्र सिंह गढ़िया स्पेशल फोर्सेज में तैनात थे। आज शहीद  का पार्थिव शरीर कपकोट लाया गया। पीजी कॉलेज ग्राउंड में भारत माता की जय और शहीद गजेंद्र सिंह अमर रहें के नारों के बीच लोगों ने पुष्पचक्र अर्पित कर शहीद को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सरयू–खीरगंगा संगम पर पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। सैन्य अधिकारियों ने शहीद के अदम्य साहस और राष्ट्र सेवा को नमन करते हुए कहा कि देश की रक्षा में दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान सदैव याद रखा जाएगा। शहीद के परिजन भूपाल सिंह गढ़िया ने कहा कि गजेंद्र सिंह गढ़िया बहुत होनहार थे। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों को देशसेवा की प्रेरणा देता रहेगा।

उधर, अरुणाचल प्रदेश में मां भारती की सेवा करते हुए वीरगति को प्राप्त रुद्रप्रयाग जिले के हवलदार रविन्द्र सिंह को अलकनंदा–मंदाकिनी नदी संगम पर पूरे सैन्य सम्मान के साथ आज अंतिम विदाई दी गई। आगर गांव निवासी शहीद रविन्द्र सिंह 15 गढ़वाल राइफल्स में तैनात थे।

## दुर्घटना मौत

पिथौरागढ़ जिले में गंगोलीहाट क्षेत्र के बोयल में आज दोपहर एक कार के अनियंत्रित होकर खाई में गिर जाने से उसमें सवार दो लोगों की मृत्यु हो गई। प्रशासन, हादसे के कारणों की जांच कर रहा है।

## मुख्यमंत्री चैंपियंस ट्रॉफी

खेल मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून में आयोजित मुख्यमंत्री चैंपियंस ट्रॉफी के तहत संसदीय क्षेत्र स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को आज मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में युवाओं ने शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर खेल मंत्री ने कहा कि पहले खिलाड़ियों के लिए सुविधाओं की कमी थी, लेकिन अब प्रदेश में विश्वस्तरीय खेल ढांचा तैयार किया गया है। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे इच्छाशक्ति और अनुशासन के साथ मेहनत करें, तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। श्रीमती आर्या ने खिलाड़ियों से 2030 राष्ट्रमंडल खेल और 2036 ओलंपिक खेलों को लक्ष्य बनाकर अभी से तैयारी में जुटने का आह्वान भी किया।

## जन–जन की सरकार

बागेश्वर में उत्तरायणी मेला केवल सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच सीधे संवाद का प्रभावी मंच बनकर उभरा है। जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार कार्यक्रम के तहत उत्तरायणी मेले में लगाए गए विभागीय स्टॉलों के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही बड़ी संख्या में लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। मेले में मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया। मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी ने बताया कि जिले भर में जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार अभियान 31 जनवरी तक संचालित रहेगा। उन्होंने कहा कि उत्तरायणी मेले के दौरान हर दिन विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जा रहा है।